# प्रेस विज्ञप्ति

बिहार सरकार, युवा, रोजगार एवं कौशल विकास विभाग, अवर प्रादेशिक नियोजनालय, पटना के द्वारा दिनांक - 16.01.2026 (शुक्रवार), दिनांक -17.01.2026 (शनिवार) एवं 20.01.2026 (मंगलवार) को पूर्वाहन 11.00 बजे से अपराहन 4.00 बजे तक जॉब कैंप का आयोजन किया जायेगा । दिनांक - 16.01.2026 (शुक्रवार) को **TATA Bigbasket** कंपनी **Picker and Packer** पदों के लिये चयन करेगी । कंपनी के द्वारा न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 10th पास एवं उम्र सीमा 20-40 वर्ष दर्शाया गया है । कंपनी के द्वारा चयनित अभ्यर्थियों को लगभग 16,101/- मासिक वेतन दिया जाएगा । इसके अतिरिक्त दिनांक - 17.01.2026 (शनिवार) को **Reeshav Automobiles Pvt Ltd** नियोजन कैम्प मे भाग लेगी एवं **Field Sales Executive**, के पद पर नियुक्ति हेतु चयन करेगी । कंपनी के द्वारा न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 10TH एवं ITI पास एवं उम्र सीमा 22-35 वर्ष दर्शाया गया है । कंपनी के द्वारा चयनित अभ्यर्थियों को लगभग 13000/- मासिक वेतन दिया जाएगा। दिनांक - 20.01.2026 (मंगलवार) को **Nava Bharat Fertilisers** नियोजन कैम्प मे भाग लेगी एवं **sales trainee** के पद पर नियुक्ति हेतु चयन करेगी। कंपनी के द्वारा न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 12th पास एवं उम्र सीमा 20-40 वर्ष दर्शाया गया है। कंपनी के द्वारा चयनित अभ्यर्थियों को लगभग 14500/- मासिक वेतन दिया जाएगा। उक्त तीनों कैम्प अवर प्रादेशिक नियोजनालय, पटना, छठा तल्ला, A- ब्लॉक, नियोजन भवन, नियर इनकम टैक्स गोलंबर - 800001 में आयोजित किया जाएगा । इच्छुक अभ्यर्थी शैक्षणिक योग्यता से संबंधित प्रमाण-पत्र कि छाया प्रति, बायोडाटा, पैन कार्ड एवं आधार कार्ड के साथ निर्धारित स्थल पर ससमय उपस्थित होकर निःशुल्क जॉब कैंप का लाभ उठा सकते है ।

विश्वासभाजन

09/01/26.

नियोजन पदाधिकारी

अवर प्रादेशिक नियोजनालय, पटना